भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

****

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2351

(दिनांक 15.03.2018 को उत्तर के लिए)

सिविल सेवा काडर में रिक्तियां

2351. श्री संजय सिंह:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय सिविल सेवा काडर, विशेषकर आईएएस काडर 1500 से ज्यादा पदों की कमी से जूझ रही है;

(ख) क्या यह भी सच है कि 2018 में यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा हेतु केवल 782 पदों की घोषणा की गई हैं; और

(ग) यदि हां, तो 2014 से वर्तमान समय तक ज्यादा पदों की आवश्यकता के बावजूद कम रिक्तयों की घोषणा किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) : आईएएस अधिकारियों की कुल प्राधिकृत संख्या 6500 है और दिनांक 01.01.2017 को पदस्थ अधिकारियों की कुल संख्या 5004 है। 1496 आईएसएस अधिकारियों की कमी है।

(ख) : सिविल सेवा परीक्षा, 2018 में सभी सहभागी सेवाओं जैसे आईएएस, आईएफएस, आईपीएस केंद्रीय सिविल सेवा समूह 'क' और समूह 'ख' की 782 रिक्तियां अनंतिम आधार पर हैं।

(ग) : रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। सरकार ने सिविल सेवा परीक्षा 2012 से आईएएस अधिकारियों की वार्षिक भर्ती बढ़ाकर 180 कर दी है और यही व्यवस्था सिविल सेवा परीक्षा, 2018 में जारी रखी गई है। अन्य सहभागी सेवाओं की मांग कम होने के कारण कुल विज्ञापित रिक्तियों में अंतर आया था।

****